nandgaon times April-25-04.qxd 4/25/2025 12:02 AM Page 1

विद्युत की आँख मिचौली से आक्रोशित... पृष्ठ 2 | करवारी रोड में हुए अंधे कत्ल के... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 185, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सीएम साय ने किया अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ



**रायपुर।** त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की मूल कड़ी हैं. मैं पांच साल पंच रहा और निर्विरोध रूप से सरपंच का दायित्व संभालने का अवसर भी मिला. अपनी ज़िम्मेदारी निभाते हुए यदि आप अच्छा काम करेंगे तो जनता का स्नेह हमेशा मिलेगा और गांव के विकास में आप बड़ी भूमिका निभा पाएंगे. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर से च्अटल डिजिटल सुविधा केंद्रज् का वर्चुअल शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यह बातें कही. मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज दिवस के खास मौके पर शुरू हुई इस योजना से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल क्रांति आएगी और प्रदेश के सरकारी सेवाओं और योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक सुगम होगी. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश के 11 हजार 693 ग्राम पंचायतों में मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से जल संरक्षण का आह्वान करते हुए शपथ दिलाई. उन्होंने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतें हमारे लोकतंत्र की जड़ें हैं और इन्हें मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था कि ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक न जाना पड़े. आज मोदी की इस गारंटी को पूरा करते हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया गया है.

उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग पेंशनधारी, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताएं बहनें, अन्नदाता किसानों को पीएम किसान निधि समेत डीबीटी से प्राप्त राशि के आहरण की सुविधा अब गांव में ही मिलने लगेगी. साय ने कहा कि ग्रामीणों को अब लंबी दूरी तय कर बैंक नहीं जाना पड़ेगा और समय के साथ-साथ उनके आने-जाने में खर्च होने वाली राशि की भी बचत होगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड जैसी सरकारी सेवाएं भी ग्रामीणों के लिए आसान और सुगम हो जाएंगी. साय ने विश्वास जताया कि यह योजना डिजिटल इंडिया मिशन को जमीनी स्तर पर मजबूती देगी और ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शी व उत्तरदायी शासन प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने बताया कि आज 1460 ग्राम पंचायतों में यह व्यवस्था शुरू हुई है और आने वाले समय में इस योजना को विस्तार दिया जायेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भू जल स्तर में लगातार कमी हो रही है और जल संचयन के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ किया गया है. उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि जल संचयन की दिशा में आप सभी को गंभीरता के साथ कार्य करना है. वर्षा जल संचयन के साथ-साथ वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों को भी अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा. इन प्रयासों के माध्यम से ही हम आने वाले समय में प्रदेश में पानी की कमी को दूर कर पाएंगे. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के 51 हजार परिवारों को पीएम आवास की 300 करोड़ से अधिक की राशि जारी की है. प्रधानमंत्री सभी जरूरतमंद परिवार को पक्का घर मिले इसकी लगातार चिंता करते हैं. उन्होंने बताया कि अभी आवास प्लस प्लस का सर्वे चल रहा है ।

## 'आतंकवादियों की कायराना हरकत से प्रदेश ने अपना बेटा खोया' : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दिवंगत प्रदेश के कारोबारी श्री दिनेश मिरानिया के अंतिम संस्कार में शामिल होकर पार्थिव शरीर को कंधा दिया। उन्होंने स्वर्गीय श्री दिनेश मिरानिया के पार्थिव देह पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्री साय ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय श्री मिरानिया के पावन स्मृतियों को सहेजने और चिर स्थायी बनाने लिए सरकार किसी सड़क या चौक को उनके नाम पर करने की बात कही। श्री साय ने कहा कि आतंकवादियों की इस कायराना हरकत ने देश की आत्मा पर चोट किया है। पूरे प्रदेश के लिए भी यह दुख और पीड़ा का क्षण है। घिनौनी आतंकवादी घटना में प्रदेश ने अपना एक बेटा खो दिया है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटने से जम्मू कश्मीर में शांति स्थापित हुई, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिला और घाटी के विकास को गति मिली थी।

उन्होंने कहा कि पूरा देश एकजुटता के साथ इस अमानवीय कृत्य का बदला लेगा। श्री साय ने कहा कि पाकिस्तान के शह पर हुई इस हमले का अंजाम उसे भुगताना पड़ेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, विधायक श्री किरण देव, विधायक श्री राजेश मूणत और नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

## नेहा यादव और सोनल मरकाम का चयन भारतीय टीम में



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय बेसबॉल संघ के सचिव एवं छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के महासचिव सुश्री मिताली घोष ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एशियन बेसबॉल क्वालिफायर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 23 से 29 अप्रैल तक थाईलैंड बैंकॉक में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की दो खिलाड़ियों नेहा यादव और सोनल मरकाम का चयन भारतीय टीम में हुआ है। नेहा यादव बिलासपुर से हैं जबकि सोनल मरकाम राजनांदगांव से हैं। दोनों खिलाड़ियों ने संगरूर पंजाब में आयोजित कोचिंग कैंप में शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की। दोनों खिलाड़ियों के चयन होने से पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों में एक उत्साह देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों ने भी इस पर हर्ष व्यक्त किया है। डॉक्टर कैरोलाइन सत्तूर, वरिष्ठ बेसबॉल कोच अख्तर खान, लखन लाल देवांगन, अंकुर रजक, संदीप गाहिरे, योगेंद्र यादव, तरन्नुम खान, गीता यादव, प्राची शर्मा एवं समस्त खिलाड़ियों ने नेहा और सोनल को शुभकामनाएं दी हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है और छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। हम नेहा और सोनल की सफलता की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

## नगर पालिक निगम राजनांदगॉव 30 दिनों के भीतर कॉलोनाईजर पर करें कार्यवाही - हाईकोर्ट



### मामला प्रिन्सेस प्लेटिनम कॉलोनी का

**राजनांदगॉव ( नांदगांव टाइम्स )।** पटवारी हल्का बजरंगपुर नवागॉव अन्तर्गत खण्डेवाल कॉलोनी मित्र चौक ममता नगर में बने हुए कॉलोनी का है. जहॉ कॉलोनाईजर के द्वारा कॉलोनी निर्माण के लिये नगर पालिक निगम राजनांदगॉव से विधिवत अनुमति लेकर कॉलोनी का निर्माण प्रारंभ किया गया. कॉलोनाईजर ने नगर पालिक निगम की शर्तो के अनुसार कार्य करना स्वीकार किया और निगम के साथ एक अनुबंध पत्र का निष्पादन किया, जिसके तहत नक्शे के अनुसार कॉलोनी का निर्माण किया जावेगा, नक्शे में दर्शित प्लॉट नम्बर 11, 12, 13, 14 को निगम के पास तब तक बंधक रखा गया जबतक निगम कार्यपूर्णता प्रमाण जारी ना कर दें. साथ ही बंधक पत्र में शपथपूर्वक कथन किया किया कि यदि इस बंधक पत्र का उल्लघंन कॉलोनाईजर के द्वारा किया जाता है तो कॉलोनाईजर पर भारतीय दण्ड संहिता के तहत दाण्डिक कार्यवाही की जावेग. नगर पालिक निगम ने कॉलोनाईजर को वर्ष 2019 में पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया. इधर कॉलोनाईजर ने नगर पालिक निगम में बंधक रखे गये प्लॉट नम्बर 11 व 12 को एक सितम्बर 2017 को दस लाख रूपयें लेकर विक्रय कर दिया. कॉलोनी में रोड-रास्ता गार्डन आदि बातों पर विवाद उत्पन्न होने लगा, जिस पर श्रीमती दीपा रामटेके के द्वारा अन्य कॉलोनी वासियों की मदद से शिकायत की गई तथा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी निकाली गई तो उक्त बंधकपत्र की जानकारी हुई. जिसकी शिकायत भी वर्ष 2021 में निगम व कलेक्टर से की गई. किन्तु 3-4 पत्र देने पर निगम ने कॉलोनाईजर को केवल सूचना पत्र जारी कर मामला ठण्डे बस्ते में डाल दिया. तब आवेदिका श्रीमती दीपा रामटेके ने माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष अपने अधिवक्ता लवकुमार के माध्यम से दाखिल किया, और कोर्ट से मॉग की कि कॉलोनाईजर सहित नगर पालिक निगम राजनांदगॉव के अधिकारी, कर्मचारी जिन्होंने सत्यता की अच्छी तरह से जॉच किये बगैर अधूरे व बंधक का उल्लघन किये जाने पर कॉलोनाईजर को पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया पर कार्यवाही का आदेश/निर्देश दिये जाने का निवेदन किया. लगभग 2 वर्ष के बाद माननीय हाईकोर्ट ने विगत सप्ताह सुनवाई करते हुए नगर पालिक निगम राजनांदगॉव को निर्देशित किया है कि वे 30 दिनों के भीतर प्रकरण की सम्पूर्ण जॉच करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिये है.

## ग्राम सांगिनकछार में स्वामित्व योजना अंतर्गत किया गया पट्टा वितरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम सांगिनकछार में स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभापति जिला पंचायत श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव सुश्री झरना राजपूत, सरपंच सांगिनकछार श्रीमती सुमरित वर्मा, सरपंच बगदई, श्री कुलदीप ठाकुर, सरपंच माथलडबरी श्रीमती कोमिन साहू उपस्थित थे। सभापति जिला पंचायत श्रीमती जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। स्वामित्व पट्टा से प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य शासकीय योजनाओं में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम सांगिनकछार के 125 परिवारों को स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने पट्टा मिलने पर हितग्राहियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच श्री मनोहर वर्मा, पंच श्रीमती मुन्नी वर्मा, श्री नीलकंठ यादव, श्री नूतन साहू, श्री तुलाराम साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## पहलगाम में हुआ आतंकी हमला इंसानियत पर जेहादी आक्रमण है - कोमल सिंह राजपूत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले को अत्यंत दुखद,पीड़ादायक, दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस हृदयविदारक घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है 7 श्री राजपूत ने कहा की कल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुआ कायराना आतंकी हमला देश को चुनौती देनेवाला है यह अत्यंत दुखद दुर्भाग्यपूर्ण है की आतंकियों ने पर्यटको से राज्य पूछा ना भाषा पूछी ना जाति पूछी और धर्म पूछकर निर्दोष हिंदुवो की निर्मम हत्याएँ कर इंसानियत की हत्या की है 7 देश में चाहे जम्मू कश्मीर हो या बंगाल हो केवल हिन्दूवो को ही निशाना बनाया जा रहा है जो अत्यंत निंदनीय है उन्होंने आगे कहा की पुरे देश की एक ही मांग और भावना है की इस कायराना हमले में शामिल आतंकियों को उनके किए की सजा दी जाए । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार चल बहुत मजबूत सरकार है और लगातार अलगाववाद,नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ लड़ते हुए उनके पुरे खात्मे के लिए कार्य कर रही है और 2014 से ज़ब से नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने है तब से ज़ब ज़ब ऐसी कोई आतंकी घटना होती है तो सरकार उसका मुहतोड़ जवाब देती है,उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक एवं पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक कर आतंकियों के लॉन्चिंग पेड पर हमले कर आतंकियों को मौत के घाट उतारकर बदला लिया गया 7 श्री राजपूत ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए इस हमले में मारे गए निर्दोष हिन्दूवो के प्रति शोक संवेदनाए व्यक्त करते हुए उनके साथ होने की बात कही है । श्री राजपूत ने कहा कि राहत की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश दौरा स्थगित कर वापस भारत लौटते ही एयरपोर्ट में ही बैठक कर तत्काल ही बागा बॉर्डर एवं पाक दूतावास बंद कर तथा पाकिस्तान से समुचित लेनदेन बंद कर एक कड़ा संदेश दिया है, इसी कड़ी में श्री राजपूत ने कहा कि मोदी जी आतंकवादियों को करारा जवाब देते हुए देश की उम्मीदो पर खरा उतरेंगे।

## मुठभेड़ में जवानों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया



**बीजापुर।** पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को सफलता मिली है। मुठभेड़ में जवानों ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है। सूत्रों के मुताबिक, पांचों नक्सलियों का शव और हथियार बरामद कर लिया गया है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बता दें कि बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया गया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह से करीब 5 हजार से अधिक की संख्या में नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों ने माओवादी संगठन के बटालियन नंबर-1 के नक्सलियों को घेर रखा है। लगातार दोनों ओर से गोलीबारी जारी है. यह मुठभेड़ कर्रेगट्टा, नडपल्ली, पुजारी कांकेर की पहाड़ी पर 30 घंटे से जारी है. इस मुठभेड़ में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र के जवानों ने मोर्चा संभाला है। अब तक 100 से अधिक आईईडी मिलने की बात सामने आई है, जिन्हें जवानों को निशाना बनाने के मकसद से बिछाया गया था।

## उदयाचल ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में काली पट्टी लगाकर आक्रोश जाहिर किया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण और निंदनीय आतंकी हमले के विरोध में आज सामाजिक संस्था उदयाचल में काली पट्टी लगाकर विरोध जाहिर किया। आज जो मरीज जांच कराने आये थे, उन्होने भी स्वंय होकर कालीपट्टी लगाकर इसका विरोध किया। आज प्रात:सभा में पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना, अशोक मोदी एवं साइट सेवर की मीनाक्षी झा उपस्थित थी और उदयाचल परिवार के साथ मृत आत्मा को एक मिनट की मौन श्रद्धांजली दी गई। यह मौन विरोध पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की जान जाने से हर किसी के हृदय में उत्पन्न हुए गहरे दर्द और गुस्से का प्रतीक था। उदयाचल में आज का दिन शांतिपूर्ण लेकिन गहरे शोक और एकजुटता से भरा रहा। काली पट्टी हर व्यक्ति के हाथ पर उस दुखद घटना के आक्रोश की याद दिलाती रही। ईश्वर उन्हे शांति प्रदान करे। उपरोक्त जानकारी जनसंपर्क प्रभारी गौतम बाफना ने दी।

## अस्मिता सिटी हॉकी लीग में साई राजनांदगांव का कब्जा

### साई राजनांदगांव ने डी एच ए राजनांदगांव को शूटआउट में 2-1 गोल से पराजित किया




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफइंडिया के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वधान में एक दिवसीय अस्मिता सिटी लीग का आयोजन आज दिनांक 24 अप्रैल 2025 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी में आयोजित की गई जिसमें राजनांदगांव के सिटी के 3 टीमो ने भाग लिया था जिसमे साई राजनांदगांव, चिखली,व हॉकी राजनांदगांव ने भाग लिया था जिसके तहत पहला मैच चिखली विरुद्ध साई राजनांदगांव के मध्य खेला गया जिसमें साई राजनांदगांव ने 5-0 गोल से जीत दर्ज की साई राजनांदगांव की ओर से राशि गोड़ ने 3 गोल और सोनल पवार और हिना देवांगन ने 1-1 गोल किया वंही दूसरा मैच हॉकी राजनांदगांव विरुद्ध चिखली के मध्य खेला गया जिसमें हॉकी राजनांदगांव ने 2-0 गोल से जीत हासिल आज का फाइनल मैच साई राजनांदगांव विरुद्ध हॉकी राजनांदगांव के मध्य खेला गया फाइनल मैच में श्री सतीश व्यवहारे, डी एम सी, श्री रफीक अंसारी ए पी सी, श्री आदर्श वशनिक ए पी सी, श्री पी आर झाड़े, श्री राजेश साहू, श्री ए एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, श्री फ़िरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ उपस्थित अतिथि ने अपने उध्बोधन में कहा कि यंहा उपस्थित सभी वरिष्ठजनों का मैं इस मंच से स्वागत करता हु आज का दिन बहुत ही विशेष है जो दोनों टीम फाइनल में प्रवेश की है मैं विजेता टीम को बधाई देता हूं साथ ही उपविजेता टीम को भी शुभकामनाएं देता हूं तथा आने वाले टाइम और भी बेहतर ठंग से प्रदर्शन करे जिससे आने वाले टाइम में विजेता हो सके सभी खिलाड़ी अच्छे से मेहनत कर अपने अच्छे खेल का परिचय देकर आने वाले समय मे अपने जिला राज्य व देश का नाम रौशन करेंगे। आज का फाइनल मैच साई राजनांदगांव विरुद्ध डी एच ए राजनांदगांव के मध्य खेला गया जिसमे दोनों ही टीमो के मध्य बड़ा रोमांचक मुकाबला दर्शको को देखने को मिला और मैच के अंतिम समय तक दोनों टीम 1-1 गोल की बराबरी पर रही और इस मैच का फैसला शूटआउट के माध्यम से किया गया जिसमें साई राजनांदगांव नेडी एच ए राजनांदगांव को 2-1 गोल से पराजित कर फाइनल का खिताब अपने नाम किया।

विजेता टीम को ट्राफी व सर्टिफिक्रेट तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी व सर्टिफिक्रेट दिया गया वंही तीसरे स्थान पर रही चिखली को सर्टिफिक्रेट प्रदान किया गया। अस्मिता सिटी लीग हॉकी के फाइनल मैच व समापन समारोह में प्रमुख रूप से जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता,अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, भूषण साव,निलंचन्द जैन, छोटे लाल रामटेके (पार्षद), गुणवंत पटेल, चंदन सिंह भरतद्वज, सुंदर सोनकर,महेंद्र सिंह ठाकुर, शिवा चौबे,किशोर धीवर, प्रेणना राणे,शकील अहमद(एन आई एस हॉकी कोच),आनंद सारथी,अनीस रजा, दिलीप रावत,जिमी साहू, सुरेंद्र साहू, मुकेश जयसवाल, परमजीत (साई कोच) खुशाल यादव, उमेश साहू, महमूद, सब्बीर हैदरी, प्रिंस भाटिया,अभिनव मिश्रा,विजय साहू, रिंकू सिंह, कृष्णा यादव, आरती शेंडे (हॉकी कोच) प्रियंका चौरया, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

nandgaon times April-25-04.qxd 4/25/2025 12:03 AM Page 3



# करवारी रोड में हुए अंधे कत्ल के राज से पर्दाफाश

## आरोपी ओमकार मण्डावी ने दिया था हत्या करने की सुपारी, योजनाबद्ध तरीके से आरोपी को शराब पिलाकर दिया घटना को अंजाम

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम लतमर्रा से करवारी जाने वाले रोड मुख्य मार्ग पर 20 अप्रैल को ग्राम लतमर्रा में एक अज्ञात व्यक्ति की खुन से लथपथ शव मिली थी जिसे हत्त्या कर फेंक देने के कयास लगाए जा रहे थी जिसे थाना डोंगरगढ़ पुलिस ने इस अंधे कत्ल के राज से पर्दा उठाने में सफलता प्राप्त की है. पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि अंधे कत्ल की विवेचना दौरान अज्ञात मृतक का देवलाल मण्डावी पिता स्व0 रामहू मण्डावी उम्र- 35 साल निवासी कन्हारगांव मोहारा थाना डोंगरग के रूप में पहचान किया गया। अज्ञात आरोपी के पता तलाश दौरान घटना दिनांक को मृतक देवलाल मण्डावी को ग्राम करवारी निवासी योगेश चौरे के साथ स्कूटी में जाते देखना पता चला जिस पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी का पता तलाश किया गया। सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य आधार पर संदेही योगेश चौरे निवासी ग्राम करवारी, महेन्द्र नेताम निवासी ग्राम करवारी एवं ओमकार मण्डावी को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। पुछताछ पर पता चला कि आज से एक साल पहले मृतक देवलाल मण्डावी आरोपी ओमकार मण्डावी जो ईटभट्ठा का ठेकेदारी का काम करता है जिससे लगभग 02 लाख 50 हजार रू0 उधार लिया था आारोपी ओमकार मण्डावी द्वारा पैसा वापस मांगने पर देवलाल मण्डावी हमेशा झगड़ा लड़ाई करते था और धमकी भी देता था. आरोपी ओमकार मण्डावी के भांजा महेन्द्र नेताम निवासी करवारी जो अपने मामा के यहाँ ग्राम कन्हारगांव में रहता है जिसके द्वारा 03 माह पूर्व ग्राम करवारी निवासी अपने दोस्त योगेश चौरे को ग्राम कन्हारगांव निवासी देवलाल मण्डावी को जान से मारना है मेरे मामा को बहुत परेशान कर रहा है करके बताया था जिस पर योगेश चौरे भी मारने के लिये तैयार हो गया। घटना के एक सप्ताह पूर्व गांव में मीटिंग हुआ था





जिसमें मृतक देवलाल मण्डावी द्वारा आरोपी ओमकार मण्डावी को फर्जी केस में फंसा देने की धमकी दिया था। जिस पर आरोपी ओमकार मण्डावी एवं महेन्द्र नेताम दोनों मामा-भांजा देवलाल मण्डावी को जान से मारने के लिये योजना बनाये और 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को आरोपी महेन्द्र नेताम अपने दोस्त करवारी निवासी योगेश चौरे से संपर्क कर उसे अपने साथ लेकर कटली शराब भट्ठी गये और दोनों शराब पिये बाद में महेन्द्र नेताम अपने मामा को ग्राम कलकसा बुलाया जहां आरोपी ओमकार मण्डावी द्वारा देवलाल मण्डावी को आज जान से मारना है जितना खर्चा लगेगा मैं दूंगा कहा तब योगेश चौरे 5-6 लाख रूपये लगेगा कहा तो ओमकार मण्डावी तैयार हो गया। मृतक देवलाल मण्डावी के मोटर सायकल घटना के 4-5 दिन पहले एक्सीडेंट हुआ था मोटर सायकल को डोंगरगढ़ में बनवाने दिया था। जो बन गया है एवं एक्सीडेंट करने वाले व्यक्ति तुम्हे बुला रहा है कहकर बहाना बनाकर देवलाल मण्डावी को घर से लाने एवं उसे दारू पिलाने खिलाने के लिये योगेश चौरे को 5000/-रू0 देकर ग्राम कन्हारगांव भेजा दिया और ओमकार मण्डावी अपने घर चले गया। मृतक देवलाल मण्डावी को आरोपी योगेश चौरे डोंगरगढ़ लेकर आये जिसके बाद डोंगरगढ़ में योगेश चौरे व देवलाल मण्डावी शराब पिये इस दौरान मुख्य आरोपी महेन्द्र नेताम दूर छुपकर नजर रख रहा था और देवलाल मण्डावी को ज्यादा नशा हो गया था जिसे अकेले छोड़कर योगेश चौरे घर चला गया। ओरोपी महेन्द्र नेताम चुपके से देवलाल मण्डावी का पीछा कर रहा था जिसे अकेले पैदल करवारी रोड तरफ जाते देखकर आरोपी योगेश चौरे को बुलाया। दोनों मोटर सायकल में बैठकर पीछे बैठे योगेश चौरे ने सागौन के डण्डा से पैदल जा रहे देवलाल मण्डावी के चेहरे में वार कर दिया जिससे देवलाल मण्डावी नीचे जमीन में गिर गया गिरने के बाद योगेश चौरे और महेन्द्र नेताम ने सागौन के डण्डे से देवलाल मण्डावी के सिर एवं चेहरे पर मार मार कर हत्या कर मौके से फरार हो गये। सम्पूर्ण घटना के दौरान ओमकार मण्डावी आरोपी योगेश चौरे एवं महेन्द्र नेताम से लगातार मोबाईल में संपर्क में रहकर सलाह देते रहें है। देवलाल मण्डावी की हत्या आरोपी ओमकार मण्डावी के कहने पर ही आरोपी योगेश चौरे एवं महेन्द्र नेताम द्वारा किया गया है। उक्त कार्यवाही में तत्कालीन प्रभारी उप निरीक्षक भुषण चन्द्राकर, ओ0पी0 मोहारा प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह साहू एवं आरक्षक प्रंयास सिंह, वीर बहादुर, ऋषिदास, मनीष सोनकर एवं सायबर सेल राजनांदगांव से सउनि द्वारिका आरक्षक परिवेश वर्मा, आदित्य सिंह का विशेष योगदान रहा है।

## ज्ञान मंथन

*1) विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पदक तालिका में कौन सा देश शीर्ष पर रहा?*
*2) जल स्थिरता सम्मेलन 2025 किस शहर में आयोजित किया गया?*
*3) वह भाषा कौन-सी है जिसे मध्ययुग के दौरान शिविर भाषा कहा जाता था?*
*4) वह प्रसिद्ध जैन विद्वान कौन था, जिसका अकबर बहुत सम्मान करता था?*
*5) जलियांवाला बाग हत्याकांड की 106 वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में किस राष्ट्रवादी और न्यायविद को याद किया था?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) भारत (2) नई दिल्ली (3) उर्दू (4) हरिविजय सूरि (5) सर चेत्तूर शंकरन नायर

## हिन्दुओ की निर्मम हत्या से आक्रोशित शिवसैनिको ने आतंकवाद का पुतला फूंका

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिवसेना छत्तीसगढ़ (शिंदे) ने कश्मीर में हुवे हिन्दुओ की निर्मम हत्या से आक्रोशित शिवसैनिको ने



आतंकवाद के पुतले को फांसी पर लटकाकर नारेबाजी करते रैली निकाल कर शहर के गुरुनानक चौक में पुतला फूंका। शिवसेना जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने बताया कश्मीर में हिन्दुओ को धर्म पूछ कर हत्या की शिवसेना कठोर शब्दो मे निंदा करती है। हिंदुस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ शक्त कार्यवाही की मांग करती है। शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार जी के आदेशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में आतंकवादियों का पुतला शिवसैनिकों द्वारा फूंका जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आज राजनांदगांव के आतंकवाद के पुतले को फांसी पर लटकाकर नारेबाजी करते हुवे गुरुनानक चौक में पुतला फूंका गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, शिवसेना प्रदेश सचिव कमल सोनी, जिला महासचिव माखन यादव, विक्की सेन, मनीष तिवारी, मुकेश साहू, तरुण प्रजापति, बादल यादव, यशवंत साहू, अशोक सिन्हा, संजय निषाद, बॉबी, छम्मन साहू, मोनू भारद्वाज सहित शिवसैनिक शामिल रहे।

## स्वस्थ रहने का सूत्र प्रकृति के निकट रहने में निहित है- प्रोफेसर विवेक जोगलेकर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी



स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाँव में दिनांक 24 अप्रैल 2025 को मानव संसाधन विभाग द्वारा सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में तथा मानव संसाधन विभाग की संयोजिका डॉ. प्रीति बाला टांक के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण का विकास करना था।कार्यशाला के प्रथम दिवस पर प्रतिष्ठित वक्ता प्रोफेसर विवेक जोगलेकर द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा एवं कर्मचारी मेंटल हेल्थ और वेलनेस विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होने स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे भारतीय ज्ञान परंपरा, योग, ध्यान एवं आयुर्वेदिक पद्धतियाँ मानसिक संतुलन और कार्यक्षमता को बनाए रखने में सहायक होती हैं।अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि आधुनिक कार्यस्थलों पर मानसिक तनाव एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जिसे पारंपरिक भारतीय उपायों और समकालीन मनोविज्ञान के संयोजन से प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है।

# महिला छात्रावास राजनांदगांव में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिन्दल ने दिनांक 21.04.2025 को महिला छात्रावास राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बताया कि भारतीय न्याय सहिंता 2023 में महिलाओ के साथ अपराध न हो इसके लिए भी विशेष प्रावधान किये गये है। धारा 74 में किसी महिला के साथ छेडखानी अपराध है, धारा 75 में महिला के साथ अश्लील बात-चीत करना अपराध है , धारा 76 में महिला को निवस्त्र करना, धारा 77 में प्राईवेट कृत्य में लगी महिला को देखना, धारा 78 में महिला का पीछा करना, धारा 79 में महिला की उपस्थिति में इशारे बाजी करना , सिटटी बजाना आदि अपराध है। अमित जिन्दल ने बताया कि किसी 16 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ रेप करने पर भारतीय न्याय सहिंता 2023 की धारा 65 (1) के तहत कम से कम बीस साल से आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया जा सकता है और किसी 12 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ रेप करने पर भारतीय न्याय



सहिंता 2023 की धारा 65 (2) के तहत कम से कम बीस साल से आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया जा सकता है। अमित जिन्दल ने बताया कि किसी भी आयु की महिला के साथ गैंग रेप करने पर भारतीय न्याय सहिंता 2023 की धारा 70 (1) के तहत कम से कम बीस साल से आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया जा सकता है और किसी 18 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ गैंग रेप करने पर भारतीय न्याय सहिंता 2023 की धारा 70 (2) के तहत कम से कम बीस साल से मृत्यु दण्ड तक का दण्ड दिया जा सकता है परंतु यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 407 के तहत मृत्यु दण्ड का माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पुष्ट किया जाने के लिए भेजा जाना आवश्यक है जिस पर धारा 455 के तहत माननीय उच्चतम न्यायालय को अपील , क्षमाधान आदि संबंध उपचार समाप्त होने के बाद धारा 409 के तहत पुष्टि का आदेश प्राप्त होने पर ही धारा 453 के तहत वारंट जारी करके मृत्युदण्ड का निष्पादन किया जा सकेगा।

# जिला जेल राजनादगांव में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के संबंध में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिन्दल ने दिनांक 19.04.2025 को जिला जेल राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित बंदियो को उनके अनेक अधिकारो व अनेक विषयो पर कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार व्यक्ति को अनेक अधिकार दिये गए है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 35 (1) (ख) में प्रावधान है कि 7 साल तक के दण्ड के मामलो में विशेष कारण होने पर ही किसी को गिरफ्तार किया जा सकता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 36 (ग) के अनुसार गिरफ्तारी की सूचना गिरफ्तार व्यक्ति के उस नातेदार या व्यक्ति को दी जाने के अधिकार की जानकारी दी जायेगी जिसको वह व्यक्ति बताये, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 38 के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी पसंद के अधिवक्ता से पूछताछ के दौरान समय-समय पर



मिलने का अधिकार होगा। अमित जिन्दल ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 47 (1) के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उस अपराध की जानकारी दी जायेगी जिसके संबंध में वह गिरफ्तार किया जा रहा है और यदि अपराध जमानतीय है तो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 47 (2) के अनुसार उसे जानकारी दी जायेगी कि वह जमानत पर छोडा जा सकता है जमानत का प्रबंध करे तथा ऐसे व्यक्ति को धारा 478 के अनुसार अधिकार पूर्वक जमानत पर छोडे जाने का अधिकार होगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 48 के अनुसार गिरफ्तारी की और जिस स्थान पर गिरफ्तार व्यक्ति को रखा जा रहा है उसकी जानकारी उसके बताये गये मित्रो, नातेदारो को दी जायेगी। धारा 56 के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति के स्वास्थय और सुरक्षा की उचित देखभाल की जिम्मेदारी अभिरक्षा में रखने वाले व्यक्ति की होगी।

# एलीगेंट कॉलेज बी कॉम प्रथम सेमेस्टर का परिणाम

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबद्ध

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में स्थित जानी मानी संस्था एलीगेंट कॉलेज में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा बी कॉम प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। जिसमें चार छात्र/छात्रा प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की हमारे महाविद्यालय में अध्ययनरत् बी कॉम प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर-जनवरी 2024-25 के परिणाम अच्छे रहे। दिसम्बर 2024-25 में आयोजित बी कॉम



प्रथम सेमेस्टर में कुमारी भवी जैन प्रथम स्थान पर रही इसी प्रकार कुमारी निशिता अग्रवाल द्वितीय एवं कुमारी गुंजन शर्मा और कुमारी महक मेनन तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बी कॉम प्रथम सेमेस्टर में एलीगेट कॉलेज का शानदार परिणाम रहा इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन राजेश खण्डेलवाल एवं सचिव राजेश गुप्ता ने सभी स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनांए दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है व संचालको ने इस सफलता का श्रेय प्रचार्य अशोक जोशी के कुशल नेतृत्व एवं स्टाफ की कड़ी मेहनत को दिया। इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। सफल छात्र/छात्राओं के संबंध में मानना है की संस्था ने जिस बेहतर तरीके से उन्हे विभिन्न विषयों पर परामर्ष एवं स्टडी मटेरियल प्राप्त हुये थे वे उनके लिए बहुत ही फायदेमंद साबित हुए साथ ही समय-समय पर परीक्षा की तैयारी हेतु लिए गये यूनिट एवं मॉडल पेपर का विषेष लाभ उन्हे मिला है।

## कमला कॉलेज जनभागीदारी सामान्य परिषद का गठन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष सुश्री मणीभास्कर गुप्ता द्वारा समिति के कार्यकलापों के प्रबंधन हेतु सामान्य परिषद के लिए निम्नानुसार प्रतिनिधि / सदस्य मनोनीत किए गए है। स्थानीय संगठन श्रेणी में श्रीमती खेमिन राजेश यादव (पार्षद वार्ड नं. 43). श्री सेवक उईके (पार्षद वार्ड नं. 44), श्रीमती चन्द्रीका साहू (पार्षद वार्ड नं. 36), उद्योग श्रेणी - श्री ओमप्रकाश कांकरिया, श्री राजेश डागा, पूर्व विद्यार्थी श्रेणी - सुश्री मुस्कान गुप्ता, सुश्री संजना शर्मा, सुश्री दिव्या पटेल, दान-दाता श्रेणी - श्री पुखराज कांकरिया, श्री सुनील मुंदड़ा, श्री सुशील कुमार लड्डा, श्रीमती संगीता मिश्रा, श्रीमती मोना गोसाई, श्रीमती पुष्पलता गंधर्व, श्रीमती रेणु सूर्यवंशी, श्रीमती करुणा राजपूत, श्रीमती शोभा चोपड़ा, श्रीमती मीना यादव, श्रीमती कांति मौर्य, श्रीमती संध्या वर्मा एवं श्रीमती मंजूषा चोपड़ा । समिति अध्यक्ष सुश्री मणीभास्कर गुप्ता ने आगे बताया कि शीघ्र नवगठित समिति की बैठक आयोजित कर महाविद्यालय के समग्र विकास हेतु योजना बनाकर क्रियान्वित की जावेगी।

## धर्म समाचार....

# विष्णु जी के साथ-साथ मिलेगी मां लक्ष्मी की कृपा, जरूर करें ये पाठ



एकादशी के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन पर कई साधक व्रत भी करते हैं। ऐसे में आप वरूथिनी एकादशी की पूजा के दौरान दिन इस खास पाठ को कर सकते हैं जिससे आपको धन की देवी की विशेष कृपा मिल सकती है और धन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। पंचांग के अनुसार गुरुवार 24 अप्रैल को वरूथिनी एकादशी का व्रत किया जाएगा। एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी का भी पूजन किया जाता है, जिससे साधक को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। ऐसे में आप एकादशी की पूजा में श्री सूक्त पाठ का पाठ कर सकते हैं, जिससे धन की देवी प्रसन्न होती हैं और साधक को धन संबंधी समस्याओं से उबारती हैं। ऐसे में आइए पढ़ते हैं श्री सूक्त पाठ।

श्री सूक्त पाठ (स्द्धह्द्ध स्ह्वद्मह क्ड्डह्द्ध)

? हिरण्यवर्णां हरिणीं, सुवर्णरजतस्त्रजाम् ।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जातवेदो म आ वह ।।
तां म आ वह जातवेदो, लक्ष्मीमनपगामिनीम् ।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं, गामश्वं पुरूषानहम् ।
अश्वपूर्वां रथमध्यां, हस्तिनादप्रमोदिनीम् ।
श्रियं देवीमुप ह्वये, श्रीर्मा देवी जुषताम् ।।
कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम् ।पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोप ह्वये श्रियम् ।।
चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम् । तां पद्मिनीमीं शरणं प्र पद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे ।। आदित्यवर्णे तपसोऽधि जातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽक्ष बिल्वः । तस्य फ्लानि तपसा नुदन्तु या अन्तरा याश्च बाह्या अलक्ष्मीः ।।
उपैतु मां दैवसखः, कीर्तिश्च मणिना सह ।
प्रादुर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन्, कीर्तिमृद्धिं ददातु मे ।।
क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम् ।
अभूतिमसमृद्धिं च, सर्वां निर्णुद मे गृहात् ।।
गन्धद्वारां दुराधर्षां, नित्यपुष्टां करीषिणीम् ।
ईश्वरीं सर्वभूतानां, तामिहोप ह्वये श्रियम् ।।
मनसः काममाकूतिं, वाचः सत्यमशीमहि ।




पशूनां रूपमन्नस्य, मयि श्रीः श्रयतां यशः ।।
कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भव कर्दम ।
श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम् ।।
आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे ।
नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले ।।
आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिंगलां पद्ममालिनीम् ।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जातवेदो म आ वह ।।
आर्द्रां य करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम् ।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह ।।
तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम् ।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योऽश्वान् विन्देयं पुरुषानहम् ।।
यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम् ।
सूक्तं पंचदशर्चं च श्रीकामः सततं जपेत् ।।

## विनायक चतुर्थी पर पूजा के समय करें इन मंत्रों का जप, दूर हो जाएंगे सभी संकट

धार्मिक मत है कि वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर शिव परिवार की पूजा करने से हर बाधा दूर होती है। साथ ही घर में सुख समृद्धि एवं शांति बनी रहती है। इस शुभ अवसर पर मंदिरों में भगवान गणेश की विशेष पूजा की जाती है। भगवान गणेश की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 01 मई को विनायक चतुर्थी है। यह पर्व हर महीने शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कामों में सफलता पाने के लिए व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक को करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। ज्योतिषियों की मानें तो वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में भगवान गणेश की पूजा करने से सौभाग्य में अपार वृद्धि होगी। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। अगर आप भी भगवान गणेश की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर भक्ति भाव से भगवान गणेश की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय इन मंत्रों का जप करें।



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...


क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# पानी के लिए हाहाकार, टैंकरो से बुझाई जा रही नगरवासियो की प्यास

## जल स्तर गिरने व लो वोल्टेज से नही चल पा रहे है पंप, भर नही पा रही है पानी टंकिया



**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** झुलसा देने वाली धूप एवं भीषण गर्मी में नगरीय निकाय क्षेत्र में नगरवासियो को पेयजल के लिए भीषण संकट का सामना करना पड रहा है। वाटर लेबल डाउन होने से नगर के हर वार्डो में नागरिकों को पानी के किल्लत का सामना करना पड रहा है। जल स्तर गिरने से निकाय क्षेत्र की पानी टंकिया भी बोर से नही भर पा रही और सीधे नलकूप से चलने वाले पंप से भी पेयजल आपूर्ती नही हो पा रही है। इससे नगर पंचायत भी दोनो समय नलो से पेयजल आपूर्ती नही कर पा रही है। इससे नगर में पेयजल संकट गहरा गया है। इधर पानी नही मिलने से नागरिको का पारा चढ गया है और उनका आक्रोश नगर पंचायत पर फूट रहा है।

नगर पंचायत की नई परिषद को गर्मी में नगर के सभी वार्डो में नागरिको को पेयजल आपूर्ती करने में कठिन चुनौतिया का सामना करना पड रहा है। जल स्तर गिरने से निकाय की मुसीबते बढ गई है। बस स्टैन्ड, हडडी गोदाम, मेरेगांव एवं कान्हे की पानी टंकिया वाटर लेबल डाउन होने के कारण भर नही पा रही है। जिससे दोनो समय नलो से पेयजल आपूर्ती करना निकाय के लिए एक बडी समस्या बनी हुई है। परेशानिया इसलिए भी ज्यादा बढी हुई है की पीएचई के समूह जल सयंत्र योजना से अंबागढ चौकी निकाय को नियमित पानी नही मिल पा रहा है। निकाय द्वारा पेयजल संकट से जुझ रहे अधिकतर वार्डो में टैंकरो के माध्यम से सुबह से शाम तक पेयजल आपूर्ती कर रही है लेकिन इसके बाद भी नगर पंचायत को नागरिको के आक्रोश का सामना करना पड रहा है। नगर पंचायत के वार्ड एक की पार्षद खेदीबाई अमिला, वार्ड 2 के पार्षद सुरेश नेताम, वार्ड 4 के पार्षद दिलीप कुंभकार, वार्ड 5 की पार्षद श्रीमती ईश्वरी ध्रुवे, वार्ड 6 के पार्षद विनोद डेहरिया, वार्ड 7 की पार्षद श्रीमती गोपी चंदा देवागन, वार्ड 11 की पार्षद श्रीमती कविता यादव, वार्ड 13 की पार्शद श्रीमती उमा निषाद ने बताया की मार्च महिने से वार्डो में जल संकट की स्थिती है। उन्होने समस्या के निरकारण के लिए सीएमओ व नगर अध्यक्ष से चर्चा की है।

**पांच वार्डो में टैंकर से पेयजल आपूर्ती**

पेयजल आपूर्ती के लिए नगर पंचायत के 5 वार्ड पुरी तरह से टैंकर पर आश्रित हो गए है। जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 1, 2, 4, 5, 6 के नागरिको को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड रहा है। यंहा पर पेयजल आापूर्ती सुबह से षाम तक टैंकरो से की जा रही है। इन वार्डो के नागरिको की शिकायत है की उनके घर लगे नलो से उन्हे पानी नही मिल पा रहा है। जबकि सार्वजनीक नल में तो पानी आना ही बंद हो गया है। घर घर टुल्लू पंप लगाए जाने के कारण सार्वजनीक नल एक तरह से बंद हो गए है। वार्ड 4 की निवासी श्रीमती ठाकुर, वार्ड 6 के रामचरण सारथी, ने बताया की नल से तो शाम के समय पानी ही नही मिल रहा है। जबकि सुबह के समय कुछ देर के लिए ही पानी मिलता है उसके बाद बिजली गुल होने पर दोबारा पानी ही नही मिलता है।

**पीएचई के डब्लूटीपी से पानी नही मिलने से संकट गहराया**


ब्लाक के आर्सेनिक प्रभावित ग्रामो में शुद्ध पेयजल आपूर्ती के लिए पीएचई के समूह जल सयंत्र योजना के माध्यम से 23 गांवो में पानी सप्लाई की जा रही है। इस योजना के माध्यम से अंबागढ चौकी निकाय के तीन पानी टंकियो को भी पानी मिलता था लेकिन लो वोल्टेज की समस्या के चलते पीएचई विभाग नियमित रूप से नगर पंचायत को पेयजल आपूर्ती नही कर रहा है। जिससे नगर पंचायत को अपने नलकूपो माध्यम से ही पानी टंकियो को भरना पड रहा है। लेकिन जल स्तर गिरने व लो वोल्टेज के चलते पंपो के काम नही करने से निकाय समान्य दिनो की तरह पेयजल आपूर्ती नही कर पा रही है। इससे नगर में जल संकट गहरा गया है। इधर नगर अध्यक्ष ने पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री व सहायक अभियंता से मिलकर निकाय को पेयजल समस्या के निराकरण के लिए दोनो समय पेयजल आपूर्ती करने की मांग रखी है।

**पाईप लाईन में जोडने चार बोर खनन हुआ**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने प्रभावित वार्डो में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए चार स्थानो में बोर कराया है। बताया जाताा है की तीन बोर छग शासन की मदद से नगर के गुप्ता चौक, बजरंग चौक व गांधी चौक तथा एक क्रिकेट मैदाान के समीप कराया गया। इसमें से दो स्थानो में बोर के फेल हो जाने से इसे पाईप लाईन में जोडा नही जा सका है। जबकि दो स्थानो में पाईप लाईन से जोडा जा रहा है। इससे समस्या से आंशिक राहत मिलने की संभावना बनी हुई है।

**जलकष्ट दूर करने कलेक्टर से अनुदान की मांग**

नगर में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने जिले की प्रशासनीक प्रमुख कलेक्टर तुलिका प्रजापति से भेट कर उन्हे नगरवासियो की समस्या बताते हुए जलकष्ट के निराकरण के लिए अनुदान उपलब्ध कराने की मांग रखी है। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की उन्होने कलेक्टर महोदया से आग्रह किया है की यदि अनुदान देना संभव नही है तो कम से कम नगर के तीन या चार स्थानो में बोर कराने की मांग रखी है। जिससे नगरवासियो को गर्मी में पेयजल संकट से थोडी राहत प्राप्त हो। इसके अलावा भी नगर पंचायत अध्यक्ष नगरीय प्रशासन विकास विभाग के शीर्ष अधिकारियाो से भेटकर उनसे जलकष्ट दूर करने के लिए अनुदान उपलब्ध कराने के लिए चर्चा कर चुके है।



# गंदे पानी की शिकायत, महापौर पहुँचे सागर पारा, पाईप लाईन की जॉच कर निराकरण के दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सागर पारा ढीमर पारा क्षेत्र में गंदे पानी आने एवं दुर्गा चौक क्षेत्र में कम पानी आने की शिकायत प्राप्त होने पर आज सुबह महापौर श्री मधुसूदन यादव निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा व जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू के साथ पानी सप्लाई के समय उक्त क्षेत्रों में पहुॅच जल विभाग के उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे को गंदे पानी व कम पानी आने वाले क्षेत्र के पाईप लाईन की जॉच कर अति शीघ्र निरारकरण करने कहा।

महापौर श्री मधुसूदन यादव सागर पारा ढीमर पारा क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर गंदे पानी आने वाला क्षेत्र देख उप अभियंता से कहा कि जहॉ जहॉ गंदा पानी आ रहा है, उक्त क्षेत्र के पाईप लाईन की अति शीघ्र जॉच करे और लिकेज मिलने पर मरम्मत करे। उन्होंने कहा कि वालमेन को निर्देशित करे कि वाल्व खोलने के पश्चात अपने अपने क्षेत्र में जाकर पानी सप्लाई देखे तथा जहॉ इस प्रकार की शिकायत हो वहॉ की रिपोर्ट तत्काल संबंधित अधिकारी को दे, जिससे इसका त्वरित निराकरण हो सके।



इसी प्रकार दुर्गा चौक क्षेत्र में कम पानी आने की शिकायत पर पार्षद सुश्री मणीभास्कर गुप्ता के साथ दुर्गा चौक, कालेज रोड, सोनार पारा क्षेत्र में महापौर श्री यादव पैदल घुम लोगो से रूबरू हो जानकारी लिये। लोगो ने कहा कि हमारे तरफएकदम कम पानी आता है, जिससे हमे बहुत परेशानी होती है, इसका जल्द निराकरण करे। महापौर ने संबंधित अधिकारी से कहा कि उक्त क्षेत्र के मेन सप्लाई लाईन तथा वाल्व को चेक करे और यथा संभव इसका निराकरण करे। महापौर श्री यादव मोहारा जल सयंत्रगृह पहुॅच नदी में पानी की स्थिति, पम्प तथा अन्य समाग्री की जानकारी लिये। उन्होंने 27 एमएलडी प्लांट में क्लीयर वॉटर के लिये लगने वाले पम्प की प्रक्रिया देख जानकारी लिये, संबंधित अधिकारी ने बताया कि पंप बैठाने फाउडेशन तैयार किया जा रहा है, तैयार होने के पश्चात पंप फिट किया जायेगा। महापौर ने कहा कि उक्त कार्य जल्द पूर्ण करे जिससे क्षमता बढेगी तथा टंकी जल्द भरेगी। उन्होंने अन्य आवश्यक समाग्री जैसे एलम, ब्लीचिंग आदि का पर्याप्त भंडारण रखने कहा। महापौर ने मोहड स्थित सिवरेज टीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट के विभिन्न सिवरेज सिस्टम देख जानकारी लिये, संबंधित अधिकारी ने जॉनकारी दी कि शहर का गंदा पानी जो शिवनाथ नदी मे मिलता था उसे रोकने टीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया है। महापौर ने कहॉ कि यहा से निकलने वाले शुद्ध पानी को सिचाई एवं उ़द्यानों व पेड पौधो के लिये उपयोग करे। निरीक्षण के दौरान जल विभाग का अमला उपस्थित था।

# दुश्मनी निकालने बेटे को उठा ले गया, थाने में शिकायत

## मोहारा शिवनाथ नदी में बालक के डूबने से मौत का मामला

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एक दंपत्ति के खिलाफ हत्या की आशंका की शिकायत थाने में हुई है। मामला मोहारा शिवनाथ नदी में 12 साल के बालक की लाश मिलने का है। जिसे डूबने से मौत बताया जा रहा है। जांच कर उचित कार्यवाही करने हेतु बसंतपुर थाना प्रभारी को दीनदयाल कॉलोनी चिखली निवासी सहदेव ठाकुर ने ज्ञापन सोप कर कहा कि मेरा पुत्र नोमित ठाकुर पिता सहदेव ठाकुर उम्र 12 वर्ष जिसका मृत्यु दिन रविवार 20 अप्रैल 2025 को मोहारा नदी आक्जिोन में डुबने से हुआ था।



हमारा निवेदन इस प्रकार है मेरे बेटे को मेरे और मेरी पत्नी से बिना पुछे संतोष साहू आटो वाला अपनी पत्नी के साथ बडे बेटे को भी नहाने ले गया। जब की मेरे बच्चो को तैरना नही आता। मुझे तकरीबन 09:00 बजे फोन आया कि तुम्हारा बच्चा नही मिल रहा है। वहा जाने पर पता चला की मेरा बच्चा डुबकर खत्म हो गया है हमारा संतोष साहू से बातचीत बंद है दो तीन साल से विवाद चल रहा है मेरे को अंदेशा है कि मेरे बच्चे को मेरे से दुश्मनी निकालने के लिए मोहारा नदी ले जाया गया है जिससे की मुझे अपुर्नीण क्षति हुई है। आवेदन पर जांच करते हुए न्याया दिलाने की मांग की है।

# मोर दुवार साय सरकार आवास सर्वेक्षण 2.0 एक जनकल्याणकारी पहल

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाया जा रहा मोर दुवार साय सरकार आवास सर्वेक्षण 2.0 एक जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक पात्र परिवार तक आवास सुविधा पहुँचाना है। इस सर्वेक्षण के माध्यम से उन परिवारों की पहचान की जा रही है, जिन्हें अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। मोर दुवार साय सरकार यानी सरकार आपके द्वार तक, यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है – जनता के साथ सीधा संवाद और न्यायपूर्ण विकास सुनिश्चित करने का।। ग्राम पंचायत रूपाकाठी आश्रित ग्राम रीवागहन में भाविश निक्की भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा घर घर जाकर परिवार से मिलकर सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है जिससे गरीब परिवार वालों को आवास का लाभ प्राप्त हो सके।



# डोंगर गांव की गौरव बनी ग्लोरी महेश्वरी

**यूनियन पब्लिक स्कूल के कक्षा 7वीं की छात्रा ग्लोरी ( चीनी ) महेश्वरी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्लास में प्रथम स्थान हासिल की**

**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** यूनियन पब्लिक स्कूल के कक्षा 7 वीं की छात्रा ग्लोरी ( चीनी ) महेश्वरी ने अंग्रेजी ,हिंदी गणित विज्ञान,सामाजिक विज्ञान आदि विषय में ए प्लस कर 97 प्रतिशत अंक प्राप्त क्लास में प्रथम स्थान हासिल कर अपने माता पिता स्कूल एवं नगर का मान बढ़ाया है डोंगर गांव के संदीप महेश्वरी की सुपुत्री है ,वे बड़ी होकर आई पीएस बनकर देश व समाज की सेवा करना चाहती है ग्लोरी के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एवं उनके गुरु जनों सहित उनके सह पाठी मित्रो ने बधाई एवं शुभ कामनाएं दी है।



# अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र की शुरुआत ग्रामीण को मिलेगा लाभ : देवकुमारी साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम भर्रेगांव मे जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू ने आत्म निर्भर पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। श्रीमती देवकुमारी ने कहा कि कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा नेतृत्व वाली विष्णु देव साय की सरकार ने मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र की शुरुआत की है। जिससे ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिलेगी साथ ही नगद आहरण की सहूलियत मिलने वाली है.श्रीमती देवकुमारी साहू ने कहा कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र' के तहत नकद भुगतान, डिजिटल सेवाएं और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी.



अब लोगों को नकद लेन-देन, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा. राजनांदगांव जिले में यह सुविधा 40 पंचायत को दी जाएगी. इस योजना के तहत ग्रामीण आसानी से अपने खातों से पैसा निकाल सकेंगे अपने और दूसरे के खातों में पैसा जमा कर सकेंगे. बिजली पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे. पेंशन और बीमा सुविधाओं के तहत भी पैसे प्राप्त कर सकेंगे. छत्तीसगढ़ की पालनहारी विष्णु देव साय की सरकार हर वर्ग के लिए बेहतर कार्य कर रही है। आज हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है।उसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य भी विकास की ओर अग्रसर है।मैं माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी व पूरे मंत्री मंडल के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम गठुला, भर्रेगांव,भानपुरी डिजिटल पंचायत की सुरुवात हुआ है । निश्चित रूप से इसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। इस अवसर पर जनपद करते हुए कहा कि आत्म निर्भर पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र' के तहत नकद भुगतान, डिजिटल सेवाएं और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. अब लोगों को नकद लेन-देन, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा. इस जनपद सदस्य मेघराज ,सरपंच, पंच गण, समेत महिला समूह की दीदी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सुनील बंसोड़ सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 22 अप्रेल को ऑडिटोरियम मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा मे मध्यप्रदेश के नगरीय प्रसाशन मंत्री आदरणीय कैलाश विजय वर्गी जी के हाथो एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान मे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की उपस्थिति मे सुप्रसिद्ध लोक गायक सुनील बंसोड़ का सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर श्री बंसोड़ ने अपने मधुर आवाज मे बुद्ध एवं भीम गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।



# शिव शक्ति सार्वजनिक धर्मार्थ सेवा समिति ने किया नि:शुल्क कोटना वितरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के चिखली एरिया वार्ड क्रमांक 6, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी में स्थित शिव शक्ति मंदिर की शिव शक्ति सार्वजनिक धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा प्रति वर्ष मवेशियों और प्यासे पशुओं को गर्मी में पानी पिलाने कि व्यवस्था के लिए कोटना समिति द्वारा नि:शुल्क रूप से बांटा जाता है। राजनांदगाव शहर से लगे अधिकतर जगहों पर कोशिश की जाती है कोटना रखने और पहुंचाने की और लोगों द्वारा भी समिति से संपर्क कर कोटना ले जाया जाता है। समिति का प्रयास रहता है कि कोटना ऐसी जगह रखा जाए, जहां पानी कि व्यवस्था हो सके और प्यासे पशु पानी पी सके, जिनको समिति कोटना प्रदान करती है, उन्हें भी समझाइश दी जाती है कि आप लोग कम से कम रोज 2-3 बार कोटने में पानी डाले और सेवा भाव से पशुओं को पानी पिलाने मे समर्थ है, तो आप कोटना ले जा सकते है, सिर्फ कोटना लेकर रखकर उसकी देख-रेख और साफ सफाई ना कर पाए तो कोटना ले जाकर रखना व्यर्थ है, और ये सेवा नि:स्वार्थ है। समिति के अध्यक्ष शेखर ठाकुर सहित समिति के अन्य पदाधिकारीगण, सदस्यों द्वारा गर्मी को देखते हुए पशुओं के लिए पीने के पानी और चारे की व्यवस्था की जायगी, कुछ जगहों पर समिति द्वारा प्याऊ घर भी लगाए जायेंगे, जिसमे गर्मी में लोगों को ठंडे पाने के पानी कि व्यवस्था कि जायेगी।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com